भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3969

12 अगस्त, 2026 के लिए प्रश्न

श्रीअन्न का एमएसपी

3969. श्री आलोक शर्मा:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मोटे अनाज (श्रीअन्न) की कितनी मात्रा में खरीद की गई और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से वर्ष-वार कितनी मात्रा में खाद्यान्न वितरित किया गया;

(ख) क्या सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खरीद और वितरण में वृद्धि करने के लिए कोई विशेष कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राज्यों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में श्रीअन्न (मोटे अनाज) को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया है;

(घ) यदि हां, तो मध्य प्रदेश राज्य में श्रीअन्न की खरीद और वितरण का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कुटकी और अन्य छोटे दाने वाले बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खरीद और वितरण भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत किया जा रहा है ताकि उनके उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): विगत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदे गए राज्यवार, वर्षवार मोटे अनाज (श्री अन्न) का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

...2/-

विगत पांच वर्षों के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) के माध्यम से वितरित किए गए मोटे अनाज (श्री अन्न) की राज्यवार मात्रा **अनुबंध-II** में दी गई है।

(ख) और (ग): भारत सरकार ने श्री अन्न की खरीद और वितरण बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

i. श्री अन्न की वितरण अवधि/शेल्फ लाइफ को पहले के 3 माह से बढ़ाकर 6-10 माह कर दिया गया है।
ii. एफसीआई के माध्यम से अधिशेष श्री अन्न के अंतर-राज्यीय परिवहन की व्यवस्था की गई है।
iii. अधिग्रहण चरण पर प्रशासनिक शुल्क को एमएसपी के 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है।
iv. सरकार ने लघु श्री अन्न: फॉक्सटेल श्री अन्न (कांगनी/काकुन), प्रोसो श्री अन्न (चीना), कोडो श्री अन्न (कोडो), लिटल श्री अन्न (कुटकी), बक- व्हीट (कुट्टू) और अमरेन्थस (चौलाई) को एमएसपी योजना के तहत रागी के एमएसपी पर केएमएस 2028-29 तक शामिल करते हुए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा श्री अन्न की खरीद के दायरे का विस्तार किया है।

(घ): सरकार ने वर्ष 2025-26 (खरीफ) के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार को 50,000 टन ज्वार और 1,50,000 टन बाजरा की खरीद की मंजूरी दे दी थी। वर्ष 2025-26 के लिए मध्य प्रदेश में श्री अन्न की खरीद का जिलावार विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

वर्ष 2025 के लिए मध्य प्रदेश में श्री अन्न के वितरण का जिलावार विवरण **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

(ड.): मोटे अनाजों की खरीद, राज्यों द्वारा खरीदे गए मोटे अनाजों (ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी) और 6 लघु श्री अन्न {फॉक्सटेल श्री अन्न (कांगनी/काकुन), प्रोसो श्री अन्न (चीना), कोडो श्री अन्न (कोडो), लिटल श्री अन्न (कुटकी), बक- व्हीट (कुट्टू) और अमरेन्थस (चौलाई)} के आवंटन, वितरण और निपटान के लिए दिशानिर्देशों द्वारा विनियमित होती है। इन दिशानिर्देशों के तहत, राज्यों को किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर विकेंद्रीकृत खरीद के माध्यम से इन वस्तुओं की खरीद करने और लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस)/अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) के तहत वितरण करने की अनुमति है।

*****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 12.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3969 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

मोटे अनाज (श्रीअन्न) की खरीद का विवरण (05.08.2026 तक)

(मात्रा टन में)

केएमएस	जिंस	आंध्र प्रदेश	गुजरात	हरियाणा	कर्नाटक	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र	उत्तर प्रदेश	ओडिशा	उत्तराखंड	तमिलनाडु	कुल खरीद	एमएसपी (रु./ क्विंटल)	एमएसपी मूल्य (करोड़ में)
2020-21	ज्वार			0	80722	29582	17784	0				128088	2620	335.59
	ज्वार (रबी)			0	0	0	18384	0				18384	2620	48.17
	बाजरा		11515	150000	0	195351	5005	0				361871	2150	778.02
	मक्का		4133		0	0	88283	106413				198829	1850	367.83
	मक्का (रबी)				0	0	6486	0				6486	1850	12.00
	रागी				474098	0	0	0	20252			494350	3295	1628.88
	कुल		**15648**	**150000**	**554820**	**224933**	**135942**	**106413**	**20252**			**1208008**		
2021-22	ज्वार				103920	32393	20262	0				156575	2738	428.70
	ज्वार (रबी)				0	0	0	0				0	2738	0.00
	बाजरा		7284		0	5400	567	0				13251	2250	29.81
	मक्का		389		0	0	19615	2763				22767	1870	42.57
	मक्का (रबी)				0	0	0	0				0	1870	0.00
	रागी				404784	0	253	0	32302			437339	3377	1476.89
	कुल		**7673**		**508703**	**37793**	**40697**	**2763**	**32302**			**629931**		
2022-23	ज्वार		0		76897	258	1378	0				78533	2970	233.24
	ज्वार (रबी)	3621	685		0	0	2358	0				6664	2970	19.79
	बाजरा		766	81147	0	0	10	43437				125360	2350	294.60
	बाजरा (रबी)		56645		0	0	0	0				56645	2350	133.12
	मक्का		0		0	0	48	0				48	1962	0.10
	मक्का (रबी)		197		0	0	12877	0				13074	1962	25.65
	रागी	4	0		454404	0	636	0		1186	515	456745	3578	1634.23
	कुल	**3625**	**58293**	**81147**	**531301**	**258**	**17308**	**43437**		**1186**	**515**	**737069**		
2023-24	ज्वार	24466			85402		462	13340				123670	3180	393.27
	ज्वार (रबी)	4903	2946		105019		86624.9					199493	3180	634.39
	बाजरा		33359	231334				355038				619731	2500	1549.33

	बाजरा (रबी)		76726									76726	2500	191.82
	मक्का						25	4451				4476	2090	9.35
	मक्का (रबी)						56					56	2090	0.12
	रागी	376	0.75		226576		189	0.7		1889	1889	230920	3846	888.12
	कुल	**29745**	**113032**	**231334**	**416997**		**87357**	**372830**		**1889**	**1889**	**1255073**		
2024-25	ज्वार		27		115352	908	937	46942				164166	3371	553.40
	ज्वार (रबी)	35402	5300		78676		131311					250689	3371	845.07
	बाजरा		3818	156000				101311				261129	2625	685.46
	बाजरा (रबी)		82223									82223	2625	215.84
	मक्का						1					1	2225	0.00
	मक्का (रबी)		118				51	19312				19481	2225	43.35
	रागी	205	5		346079		233		40000	3139	4050	393711	4290	1689.02
	रागी	902										902	4290	3.87
	कुल	**36509**	**91491**	**156000**	**540107**	**908**	**132533**	**167565**	**40000**	**3139**	**4050**	**1172302**		
2025-26*	ज्वार				140199	397	5518	43562				189676	3699	701.61
	ज्वार (रबी)	49852	7525		81620		142297					281294	3699	1040.51
	बाजरा		14472	233				213973				228678	2775	634.58
	बाजरा (रबी)		113796									113796	2775	315.78
	मक्का		564				100511	13209				114284	2400	274.28
	मक्का (रबी)		11870				42467	22719				77056	2400	184.93
	रागी		13		569331		462			5386	8000	583192	4886	2849.48
	रागी	5322										5322	4886	26.00
	कुल	**55174**	**148240**	**233**	**791150**	**397**	**291255**	**293463**	**0**	**5386**	**8000**	**1593298**		
*2025-26 की खरीद अभी भी जारी है														

*****

अनुबंध-II

लोक सभा में दिनांक 12.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3969 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों में वितरित मोटे अनाज (श्रीअन्न) का राज्यवार विवरण (टन में) निम्नानुसार है:

क्र.सं.	राज्य का नाम	2021	2022	2023	2024	2025
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	-	-	-	-	-
2	आंध्र प्रदेश	-	-	17,005.11	27,278.26	28,005.24
3	अरुणाचल प्रदेश	-	-	-	-	-
4	असम	-	-	0.10	0.36	0.10
5	बिहार	-	-	-	-	-
6	छत्तीसगढ	-	-	0.04	-	-
7	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव			-	-	-
8	दिल्ली		-	-	-	-
9	गोवा	-	-	-	-	-
10	गुजरात	-	7,835.34	56,788.20	1,51,579.14	91,429.14
11	हरयाणा	95,162.48	59,977.47	41,036.66	3,44,817.46	2,17,421.96
12	हिमाचल प्रदेश	-	-	-	-	-
13	जम्मू और कश्मीर	-	-	-	-	-
14	झारखंड	-	-	-	-	-
15	कर्नाटक	5,15,858.29	4,74,203.00	4,12,824.28	4,01,444.45	5,46,203.66
16	केरल	-	-	487.30	15.74	0.01
17	लद्दाख	-	-	-	-	-
18	लक्षद्वीप	-	-	-	-	-
19	मध्य प्रदेश	1,97,027.83	28,856.05	2,814.01	-	839.76
20	महाराष्ट्र	62,699.14	30,967.93	16,732.28	61,265.09	1,43,109.20
21	मणिपुर	-	-	-		
22	मेघालय	-	-	-	-	-
23	मिजोरम	-	-	-	-	-
24	नगालैंड	-	-	-	-	-
25	ओडिशा	-	-	-	-	-
26	पुदुचेरी					-
27	पंजाब	-	-	-	-	-
28	राजस्थान	-	-	-	-	-
29	सिक्किम	-	-	-	-	-
30	तमिलनाडु	-	-	4,307.42	2,836.77	2,585.36
31	तेलंगाना	-	-	-	-	-
32	त्रिपुरा	-	-	-	-	-
33	उत्तर प्रदेश	98,492.50	2,634.21	3,341.93	3,71,394.16	1,67,490.29
34	उत्तराखंड	-	-	45.21	0.14	2,460.95
35	पश्चिम बंगाल	-	-	-	-	-
	कुल योग	**9,69,240.24**	**6,04,474.00**	**5,55,382.54**	**13,60,631.57**	**11,99,545.67**

*****

अनुबंध-III

लोक सभा में दिनांक 12.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3969 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

मध्य प्रदेश राज्य में वर्ष केएमएस 2025-26 के लिए मोटे अनाज (ज्वार) की खरीद का ज़िलेवार ब्यौरा टन में निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**जिला**	**कुल खरीद (टन में)**
1.	बड़वानी	282.55
2.	नरसिंहपुर	114.65
कुल		**397.20**

*****

अनुबंध-IV

लोक सभा में दिनांक 12.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 3969 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2025 के लिए मध्य प्रदेश राज्य में मोटे अनाज (श्रीअन्न) के वितरण का ज़िलेवार ब्यौरा (टन में) निम्नानुसार है:

जिला	**एएवाई**	**पीएचएच**
बड़वानी	18.39	77.37
बेतुल	145.08	582.78
होशंगाबाद	0	0.03
इंदौर	0.01	0.04
पंधुरना	0.01	0
सिंगरौली	0	16.03
कुल योग	**163.49**	**676.25**

*****